# BLO App – Fill Enumeration Form (परिगणना प्रपत्र भरना)

1

परिगणना प्रपत्र को BLO APP में ऑनलाइन भरने से पूर्व सभी BLO यह सुनिश्चित कर लें कि उनके मोबाइल में BLO APP का नवीनतम संस्करण

(VERSION 8.72) इंस्टॉल्ड हो।

यह संस्करण वर्तमान में GOOGLE PLAY STORE पर उपलब्ध उपलब्ध है।

# Mapping of Elector




परिगणना प्रपत्र भरने से पहले BLO को संबंधित निर्वाचक की **मैपिंग** करनी आवश्यक है। यह मैपिंग अंतिम **विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)** की मतदाता सूची में दर्ज उस निर्वाचक या उसके रिश्तेदार से करनी होगी।

प्रत्येक निर्वाचक के आगे दो विकल्प प्रदर्शित होंगे:

**(a) Fill Form:** परिगणना प्रपत्र को ऑनलाइन भरने हेतु।

**(b) Mark Uncollectable:** यदि परिगणना प्रपत्र वापस प्राप्त नहीं हुआ है, तो यह विकल्प चुनें।



# Online Form Filling



यदि किसी निर्वाचक का परिगणना प्रपत्र भरना है, तो “**Fill Form**” विकल्प का चयन करें। इसके पश्चात BLO को अंतिम SIR में निर्वाचक खोजने के तीन विकल्प मिलेंगे:

1. **BLO Mapped**
2. **System Suggested**
3. **Search**

इनमें से किसी भी विकल्प का उपयोग कर BLO, निर्वाचक या उसके रिश्तेदार का विवरण अंतिम SIR की मतदाता सूची में खोज सकता है और उसे वर्तमान निर्वाचक से मैप कर सकता है।

# BLO Mapped



**(i) BLO Mapped:**

इसमें वे निर्वाचक प्रदर्शित होंगे जो पहले से BLO द्वारा मैप किए गए हैं। BLO चाहे तो उनकी जानकारी पुनः अपडेट कर सकता है या यदि मैपिंग सही है तो **"Verify and Continue"** कर आगे बढ़ सकता है।



# System Suggested



## (ii) System Suggested:

इसमें सिस्टम द्वारा सुझाए गए एक या अधिक निर्वाचक दिखेंगे, जिनका डेटा वर्तमान रिकॉर्ड से मेल खाता है। BLO इनमें से उचित निर्वाचक का चयन कर मैपिंग कर सकता है।




# System Suggested



**(iii) Search:**
इस विकल्प से BLO अंतिम SIR के राष्ट्रीय डेटाबेस में से निर्वाचक का नाम खोज सकता है। यहां उम्र के आधार पर तीन विकल्प उपलब्ध होंगे:


- **Was Elector there in 2002:** यदि निर्वाचक का नाम अंतिम SIR में स्वयं दर्ज है।
- **Is Elector Progeny of 2002 Elector:** यदि निर्वाचक के रिश्तेदार का नाम अंतिम SIR में दर्ज है।
- **Neither Elector nor Progeny of 2002:** यदि न तो निर्वाचक और न ही उसका कोई रिश्तेदार अंतिम SIR में दर्ज है।




# सर्च के लिए दो अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होंगे



**1. Search by AC/Part/S. No.:**
राज्य → जिला → विधानसभा → भाग → निर्वाचक क्रम संख्या के आधार पर खोज।




**2. Search by Location/Family:**
निर्वाचक और उसके अभिभावक के नाम से खोज – परिणाम अधिक विस्तृत होंगे।




# परिगणना प्रपत्र भरना



मैपिंग पूर्ण होने के बाद **“Verify and Continue”** करें और ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरना प्रारंभ करें।


सबसे पहले निर्वाचक की सामान्य जानकारी भरें — जन्म तिथि, आधार संख्या (वैकल्पिक), मोबाइल नंबर, पिता/माता/जीवनसाथी का नाम और EPIC नंबर।

यदि EPIC नंबर दर्ज किया गया है, तो निर्वाचक का नाम स्वतः प्रदर्शित हो जाएगा।



# परिगणना प्रपत्र भरना







- इसके बाद मैपिंग की गई जानकारी प्रदर्शित होगी, जिसे BLO पुनः सत्यापित कर सकता है।
- यदि निर्वाचक **Progeny** है, तो BLO को उसके संबंध (Father / Mother / Grandfather / Grandmother) का चयन करना होगा।
- तत्पश्चात, **परिगणना प्रपत्र की फोटो** और **निर्वाचक की फोटो** कैमरे से अपलोड करनी होगी।
- इन सभी चरणों के बाद परिगणना प्रपत्र का **ऑनलाइन सबमिशन पूर्ण** हो जाएगा।



# Mark Uncollectable







इस विकल्प का चयन उन परिस्थितियों में किया जाता है जब परिगणना प्रपत्र वापस प्राप्त नहीं हुआ हो या वितरित ही नहीं किया जा सका हो।

विकल्प चुनने के बाद BLO को निम्न में से उपयुक्त कारण का चयन करना है:

- **Already Enrolled:** निर्वाचक पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। BLO को उसका EPIC नंबर दर्ज करना होगा ताकि गलत EPIC हटाया जा सके और सही EPIC दर्ज रहे।
- **Death:** निर्वाचक की मृत्यु होने पर यह विकल्प चुनें।
- **Permanently Shifted:** निर्वाचक स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो गया है।
- **Untraceable/Absent:** निर्वाचक उपलब्ध नहीं है या संपर्क में नहीं आ रहा है।

इन परिस्थितियों में BLO को संबंधित प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा जैसे *Already Enrolled* की स्थिति में EPIC कार्ड या *Death* की स्थिति में मृत्यु प्रमाण पत्र।




# Verify Form Filled Online by Elector




यदि कोई निर्वाचक स्वयं **Voters' Portal** के माध्यम से परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरता है, तो वह "Fill Enumeration Form" टैब में BLO को प्रदर्शित नहीं होगा।
ऐसे निर्वाचक **"Verify Form Filled Online by Elector"** टैब में दिखेंगे।

BLO को ऐसे ऑनलाइन भरे गए फॉर्म के संबंध में निम्न कार्य करने होंगे:

- **Recommended:** यदि फॉर्म की जानकारी सही है, तो BLO इसे सत्यापित करेगा।
- **Again Enter:** यदि BLO को लगता है कि दी गई जानकारी गलत है, तो वह फॉर्म पुनः भर सकता है।
- **Not Recommended:** यदि BLO निर्वाचक द्वारा दी गई जानकारी से असंतुष्ट है, तो वह इसे "Not Recommended" मार्क करेगा।



# Thank You